4th class Hindi Bodh Ch. 2

Ques.Ans(मौखिक,लिखित)

<u>मौखिक</u>

1 प्रश्नों के उत्तर बताओ__

क दादाजी के पोते का क्या नाम था?

उत्तर -दादा जी के पोते का नाम सोहन था।

ख) सोहन लोगों को कैसे परेशान करता था?

उत्तर- सोहन लोगों को परेशान उनकी नकल उतारकर तथा उनके पौधे उखाड़ कर करता था।

ग) सोहन की शैतानियों से परेशान होकर माता पिता ने क्या निश्चय किया?

उत्तर- सोहन की शैतानियों से परेशान होकर माता पिता ने उसे दादाजी के पास गाँव भेजने का निश्चय किया।

<u>लिखित</u>

2 प्रश्नों के उत्तर लिखो___

क)सोहन के माता पिता क्यों परेशान थे?

उत्तर- सोहन के माता-पिता उस की बुरी आदतों के कारण परेशान थे।

ख) गाँव पहुँचकर सोहन क्या-क्या शरारतें करता था?

उत्तर- गाँव पहुँचकर सोहन किसी की फालतू बकरी को खोलकर खेतों में छोड़ देता,

तो कभी खेतों में बोई हुई फसल को उखाड़ने लगता।आस-पड़ोस के लोगों के बाग बगीचे से फूल तोड़ता,पालतू मवेशियों को परेशान करता ,लोगों की नकल उतारता था ।

ग)दादा जी ने सोहन को क्या नसीहत दी?

उत्तर- दादाजी ने सोहन को यह नसीहत दी कि वह अपनी बुरी आदतों को छोड़ दें क्योंकि बुरी आदतों को शुरुआत में छोड़ना बहुत आसान होता है और ये पुरानी हो जाए तो यह जड़ पकड़ लेती हैं,तो इन्हें निकलना बहुत कठिन हो जाता है।

घ) सोहन को क्या पसंद नहीं था और क्यों?

उत्तर- सोहन को हुक्के वाले बाबा का हुक्का पीना और घुआँ छोड़ना पसंद नहीं था।

ड़) दादाजी की नसीहत का सोहन के व्यवहार पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर- दादाजी की नसीहत के बाद सोहन अच्छे बच्चे की तरह व्यवहार करने लगा, उसकी शरारतें अब किसी को नुकसान नहीं पहुँचाती थी।